Second Year Examination March 2023
HINDI
Sample question Paper

Maximum- 80 marks **Time 2.5 Hours**
Cool off time - 15 Mts

सूचना :- 1 एक से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर केष्ठक से चुनकर लिखें ।

1. मातृभूमि का मुकुट क्या है ?

(खग-वृंद, सूर्य-चंद्र , फूल -तारे)

2. 'सुरिनाम में एक दिन' किस विधा की रचना है ?

(आत्मकथा , सफ़रनामा, जवाबी पत्र)

3.' ज़मीन एक स्लेट का नाम है ' किसकी रचना है ?

(एकांत श्रीवास्तव, राज बुद्धिराजा , ड़ॉ. के बाबू)

4. 'इधर इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य है कुमुद फूल ' -इष्टदेव का इष्ट नैवेद्य क्या है ?

(कमल फूल , कुमुद फूल , गुलमोहर)

5. मज़दूरिन ने पूजा का कमरा कहाँ रखा ?

(ऊपर की मंजिल , रसोई के निकट, बैठक के निकट)

सूचना :- कवितांश पढें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

" कूली !" पुकारते ही
कोई मेरे अंदर चौंका । एक आदमी
आकर खड़ा हो गया मेरे पास ।
सामान सिर पर लादे
मेरे स्वाभिमान से दस कदम आगे
बढने लगा वह
जो कितनी ही यात्राओं में
ढो चुका था मेरा सामान ।
मैं ने उसके चेहरे से उसे
केवल उस नंबर से जाना

6. कवि कूली को कैसे पहचानता है ?

7. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें ।

सूचना :-   8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।

8. मातृभूमि से कवि का बचपन कैसे जुड़ा है ?

9. पारामारिबो शहर सूरिनामी नहीं , एक भारतीय शहर जैसा लग रहा है ।क्यों ?

10. मुरकी किसके साथ भाग गई और कब ?

11. यशोदा माँ अपने आपको भूल गई -कब और क्यों ?

सूचना :-   12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।

12.

' मेरी जीत तेरी जीत
तेरी हार मेरी हार '

' जीवन में दोस्ती का महत्व ' - टिप्पणी तैयार करें ।

13. जीवन वृत्त पढें और हिमांशु जोशी के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

जीवन वृत्त
नाम : हिमांशु जोशी
जन्म :सन् 1935
जन्मस्थान : उत्तरखंड
प्रमुख रचनाएँ : यात्राएँ , नाँवें , सूरज चमके आधी रात

14. यहाँ दो विदाइयाँ हो रही हैं - बेटी की और जमीन की ।दोनों विदाइयों पर पिता दुखी हैं । इसके आधार पर पिता के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

15. सूचना :- कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

खाने - पीने - सोने के
अलग -अलग कमरे ,
रसोई यदि बैठक के
निकट रखती तो
पूजा का कमरा कहाँ होगा ?

सूचना :- गद्यांश पढ़ें और 16 से 17 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

भारत की सेवा का अर्थ है लाखों -करोड़ों पीढ़ित लोगों की सेवा करना । इसका मतलब है गरीबी और अज्ञानता को मिटाना । बीमारियों और अवसर की असमानता को मिटाना । हमारी पीढी को सबसे महान व्यक्ति की यही महत्वाकांक्षा रही है कि हर एक आँख से आँसू मिट जाएँ ।

16. भारत की सेवा का अर्थ क्या है ?
17. गद्यांश का संक्षेपण करें ।

सूचना :- 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।

18. पद पढें और भावार्थ लिखें ।

जबहीं बन मुरली स्त्रवन
चकित भई गोप कन्या सब धाम काम बिसरी
कुल मरजाद बेद की आज्ञा नेकहु नाहि डरीं ।
स्याम सिंधु सरिता ललनागन जल की दर्शन ढरीं ।।
सुत पति नेह भवन जन संका लज्जा नहीं करी ।
' सूरदास ' प्रभु मन हरि लीन्हों नागर नवल हरी ।।

19. बादशाह की जवाबी पत्र मिलने पर पुरानी यादें बेटी के दिल को सताती है ।
बेटी की उस दिन की डायरी लिखें ।

- दिल्ली वासियों के प्रति प्यार
- परिवार से बिछुड़ने की व्यथा
- पिता के अभाव में दिल्ली वासियों की हालत

20. सातवां विश्व हिंदी सम्मेलन पारमारिबो शहर में होनेवाला है । सम्मेलन का उद्‌घाटन सूरीनामी राष्ट्रपति करेंगे । उसकेलिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

21. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें ।

Student life is very important It is the foundation of future . It is a preparation for the whole life . Future success depends on how it is spent . Students are the leaders of tomorrow . A student learns many new things.

(foundation - नींव , future - भविष्य , preparation - तैयारी , whole life -पूरा जीवन , success - कामयाबी , depends -निर्भर , spent-बिताया)

22. कवितांश पढ़ें और आशय लिखें ।

<u>हाइकू</u>

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बूढ़ापा

23. सही मिलान करें।

Atmosphere - विषाणु
Certificate - समीकरण
Philosophy - शपथ -पत्र
Vaccination - दर्शन-शास्त्र
Equation - औसत
Affidavit - वायुमंडल
Average - प्रमाण-पत्र
Virus - टीकाकरण

सूचना :- 24 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।

24. पति द्वारा उपेक्षित होने पर मुरकी किसी दयालु व्यक्ति से भाडा लेकर राजवंती के यहां आती है। वहाँ मुरकी और राजवंती के बीच का संभावित वार्तालाप तैयार करें ।

25. कवि अनंग जी के काव्यसंकलन का प्रकाशन होनेवाला है। उसकेलिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें ।

26.यहाँ दो बिदाइयाँ हो रही हैं - बेटी की और ज़मीन की ।दोनों बिदाइयों पर पिता दुखी हैं। पिता का आत्मकथांश तैयार करें ।

- ज़मीन और बेटी की बिदाई
- पारिवारिक समस्या
- शादी के नाम पर बढ़ता अनावश्यक खर्च
- बिछुड़ने का दुख

27. भटका हुआ पीर से मिलने के बाद लखिका अपने मित्र को एक पत्र लिखती है। वह पत्र तैयार करें ।